भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.08.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2665 का उत्तर

कोरोना अवधि के दौरान फिरोज़पुर एक्सप्रेस का बंद होना

2665. श्रीमती संजना जाटव:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को वर्ष 2019 में कोरोना अवधि के दौरान ट्रेन संख्या 19023-19024, फिरोजपुर एक्सप्रेस का परिचालन बंद होने की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो सरकार का विचार उक्त ट्रेन का परिचालन कब तक पुनः शुरू करने का है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): भारतीय रेल ने आईआईटी-मुंबई की सहायता से वैज्ञानिक तरीके से गाड़ी सेवाओं सहित समय सारणी को युक्तिसंगत बनाने का कार्य शुरू किया है। यह कार्य अन्य बातों के साथ-साथ अनुरक्षण गलियारा खंड सृजित करके बेहतर यात्री संरक्षा प्रदान करने, अतिरिक्त मार्ग सृजित करने और समयपालन में सुधार लाने के लिए मौजूदा समय सारणी में विसंगतियों को न्यूनतम करने के लिए की गई है। नवंबर-2021 से एक्सप्रेस ट्रेन सेवाओं को युक्तिसंगत समय सारणी और नियमित संख्या के अनुसार परिचालित किया जा रहा है। इस समय, फिरोजपुर-मुंबई सेक्टर को 01 जोड़ी गाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है। मुंबई की यात्रा करने के इच्छुक फिरोजपुर के यात्री दिल्ली में चेंजओवर करके भी ऐसा कर सकते हैं

जो फिरोजपुर और मुंबई दोनों स्टेशनों से क्रमशः 3 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों और 31 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, यातायात के औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन भारतीय रेल में नई गाड़ी सेवाएं शुरू करना एक सतत् प्रक्रिया है।

****